**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**25.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945 बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा– जंगली जानवरों से फसलों को बचाने के लिए उपयोगी उपकरणों पर सब्सिडी देने पर विचार करेगी सरकार।
- विधानसभा में शून्यकाल के दौरान विधायकों ने उठाए अपने–अपने क्षेत्र के विशेष मामले।
- भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री के खिलाफ विधानसभा सचिवालय को दिया प्रिविलेज नोटिस– विधानसभा अध्यक्ष ने कहा– जांच जारी।
- प्रदेश में मॉनसून की वर्षा जारी– आगामी 24 घंटों के दौरान कई ज़िलों में भारी वर्षा की चेतावनी।
- प्रदेश भाजपा ने ऊना में आयोजित राज्यस्तरीय संगठनात्मक कार्यशाला में पंचायती राज व नगर निकाय चुनाव को लेकर बनाई रणनीति।

**अब समाचार विस्तार से..........**

**प्रश्नकाल**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार जंगली जानवरों से फसलों को बचाने के लिए उपयोगी उपकरणों पर सब्सिडी देने पर विचार करेगी। उन्होंने कहा कि इन उपकरणों में साउंड और लाइट सिस्टम भी शामिल होगा। मुख्यमंत्री शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान आज प्रश्नकाल में विधायक अनुराधा राणा के सवाल का जवाब दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में जंगली जानवरों द्वारा इंसानों को हो रहे नुकसान में ही राहत राशि देने का प्रावधान है। इसमें किसी भी व्यक्ति की मौत, उसके गंभीर रूप से घायल होने या चोट लगने जैसी स्थिति शामिल है। विधायक रीना कश्यप ने छैला–नेरीपुल–सनौरा सड़क को सी.आर.एफ. में डालने और एक वैकल्पिक मार्ग बनाने का सरकार से आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सेब सीजन के दौरान ये मार्ग भूस्खलन की वजह से बार–बार बाधित होने पर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि छैला–नेरीपुल–सनौरा सड़क को सीआरएफ में डालने और एक वैकल्पिक मार्ग बनाने का उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से आग्रह किया है।

मुख्यमंत्री ने विधायक बिक्रम ठाकुर के सवाल के जवाब में कहा कि बीते दो सालों में प्रदेश में वन महोत्सवों के आयोजनों पर 17 लाख 87 हज़ार 7 सौ 20 रुपए खर्च कर 35 हज़ार 2 सौ 40 पौधे लगाए गए। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के बाद इनकी देखभाल और निगरानी संबंधित क्षेत्रीय कर्मचारियों द्वारा की जाती है। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने विधायक अनिल शर्मा के सवाल के जवाब में कहा कि मंडी शहर के लिए बनी पेयजल योजना वर्ष 2023–24 और मौजूदा साल में आई प्राकृतिक आपदा के कारण अत्याधिक प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि इस समस्या के स्थाई हल के लिए 20 से 25 करोड़ रुपए की आवश्यकता है और इसके लिए विशेष केंद्रीय अनुदान की जरूरत है। लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने विधायक लोकेंद्र कुमार के एक सवाल के जवाब में कहा कि खेगसू में राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर स्थित पुल काफी पुराना हो गया है और इसे वार्षिक योजना से बनाया जाएगा। विधायक अजय सोलंकी के एक सवाल के जवाब में विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में एफसीए व एफआरए के मामलों के निपटान में और तेजी लाई जाएगी और इसके लिए विधायक निधि से पैसा दिया जा सकता है। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने विधायक डॉ. हंसराज के सवाल के जवाब में कहा कि जाति दुरुस्ती के लिए चुराह में विशेष कोर्ट लगाया जाएगा और ऐसे 2 सौ 47 मामले लंबित हैं।

## शून्य काल

प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान आज शून्यकाल के दौरान विधायकों ने अपने–अपने क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण मामले उठाए। विधायकों द्वारा उठाए गए मामलों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ने इन पर त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। विधायक जीत राम कटवाल ने महिला एवं बाल कल्याण विभाग में बाल सेविकाओं व बाल सहायिकाओं को वेतन नहीं मिलने का मामला उठाया। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले की जांच करके सुनिश्चित किया जाएगा कि इन कर्मचारियों को उनका मानदेय या वेतन प्रदान किया जाए। पांवटा साहिब के विधायक सुखराम चौधरी ने राजपुरा से खंदेला सड़क को बहाल करने की मांग उठाई। आनी के विधायक लोकेन्द्र कुमार ने उनके विधानसभा क्षेत्र में बंद किए गए अनुसूचित जाति एवं जनजाति के क्षेत्रीय कार्यालय खोलने की मांग की। विधायक इन्द्र सिंह गांधी ने कंसा ग्राउंड के पास बनाई गई डंपिंग साइट को कहीं दूसरी जगह स्थापित करने का मामला उठाया। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि संबंधित विभागों से मामले को उठाकर डंपिंग साइट को बदलने के लिए प्रयास किया जाएगा। यह गंभीर मामला है और खासकर आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। विधायक केवल सिंह पठानिया, भवानी सिंह पठानिया, राम कुमार और डॉक्टर जनक राज ने भी अपने–अपने क्षेत्रों के मुद्दे उठाए।

## प्रिविलेज नोटिस

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के खिलाफ भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने विधानसभा सचिवालय को प्रिविलेज नोटिस दिया है। इस नोटिस में उन्होंने मुख्यमंत्री के खिलाफ झूठ बोलने और सदन को गुमराह करने के आरोप लगाए हैं। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि ये मामला विधानसभा सचिवालय के विचाराधीन है और इसकी गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर जांच में ये नोटिस निराधार पाया जाता है तो नियमों के अनुसार विधायक के खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

## नियम–62

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि चंबा जिले की प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा और संबंधित पवित्र स्थलों को केंद्र सरकार की प्रसाद योजना में शामिल करने के प्रस्ताव का प्रदेश सरकार मूल्यांकन कर रही है। विधानसभा में विधायक डॉ. जनक राज द्वारा नियम 62 तहत मामला उठाए जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मूल्यांकन कार्य पूरा होते ही ये प्रस्ताव केंद्र को मंजूरी के लिए भेज दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रसाद योजना पूर्ण रूप से केंद्रीय वित्तीय सहायता प्राप्त योजना है और परियोजना के सभी घटकों के लिए सौ फीसदी केंद्रीय वित्त पोषण किया जाएगा।

## मौसम

प्रदेश में मॉनसून की बारिश लगातार जारी है जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। कई स्थानों पर भारी बारिश के चलते जलभराव और भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं। इससे प्रदेश में 2 राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 7 सौ 93 सड़कें यातायात के लिए ठप्प हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में 9 सौ 56 ट्रांसफार्मर और 5 सौ 17 पेयजल योजनाएं प्रभावित हुई हैं। चम्बा ज़िला में खराब मौसम को देखते हुए प्रशासन ने मणिमहेश यात्रा को स्थगित कर दिया है। मणिमहेश यात्रा पर गए पंजाब के 3 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा के अनुसार आज और कल प्रदेश के कई ज़िलों में भारी बारिश का रैड अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि आज चम्बा, कांगड़ा और मण्डी जबकि कल चम्बा और कांगड़ा में रैड अलर्ट जारी किया है।

खराब मौसम को देखते हुए चम्बा, मण्डी और कांगड़ा ज़िलों के अलावा कुल्लू ज़िले के बंजार, मनाली व कुल्लू उपमण्डल के सभी शिक्षण संस्थान कल बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं।

**भाजपा बैठक**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल की अध्यक्षता में ऊना में पार्टी की राज्यस्तरीय संगठनात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सहप्रभारी संजय टंडन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन और महामंत्री व राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर बिंदल ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा दो तिहाई बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। उन्होंने 2047 तक विकसित भारत का संकल्प भी दोहराया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पार्टी कार्यकर्ताओं से आने वाले पंचायती राज व नगर निकाय चुनाव के लिए कमर कसने का आह्वान किया।

**"अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर"**

- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा– जंगली जानवरों से फसलों को बचाने के लिए उपयोगी उपकरणों पर सब्सिडी देने पर विचार करेगी सरकार।
- विधानसभा में शून्यकाल के दौरान विधायकों ने उठाए अपने–अपने क्षेत्र के विशेष मामले।
- भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री के खिलाफ विधानसभा सचिवालय को दिया प्रिविलेज नोटिस– विधानसभा अध्यक्ष ने कहा– जांच जारी।
- प्रदेश में मॉनसून की वर्षा जारी– आगामी 24 घंटों के दौरान कई ज़िलों में भारी वर्षा की चेतावनी।
- प्रदेश भाजपा ने ऊना में आयोजित राज्यस्तरीय संगठनात्मक कार्यशाला में पंचायती राज व नगर निकाय चुनाव को लेकर बनाई रणनीति।